**M-EXCISE**

# निरीक्षण प्रतिवेदन

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| कार्यालय का नाम | : उत्पाद एवं मद्यनिषेध कार्यालय, मधुबनी |
| निरीक्षण की तिथि | : 08.07.2002 |
| निरीक्षी पदा0 का नाम | : डा0 बी0 राजेन्दर भा0 प्र0 से0 जिला पदाधिकारी, मधुबनी |

# डा० बी० राजेन्दर, भा०प्र०से०, समाहर्त्ता, मधुबनी द्वारा दिनांक 08/07/2002 को उत्पाद एवं मद्यनिषेध कार्यालय, मधुबनी का किये गये निरीक्षण से संबंधित अभिलिखित निरीक्षण टिप्पणी।

## (1) परिचय :-

उत्पाद एवं मद्यनिषेध कार्यालय, मधुबनी, सदर थाना, मधुबनी के पीछे भौआड़ा की ओर जानेवाले पथ के किनारे पूरब में अवस्थित है। बताया गया कि यह कार्यालय उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग, दरभंगा से 1974में अलग होकर मधुबनी में स्वतंत्र रूप से कार्यरत है। परंतु इस संबंध में सरकारी अधिसूचना प्रस्तुत करने का निर्देश दिये जाने पर बताया गया कि कार्यालय में अधिसूचना उपलब्ध नहीं है। अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी को निर्देश दिया जाता है कि सरकारी अधिसूचना मुख्यालय से प्राप्त कर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## (2) भवन :-

उत्पाद कार्यालय का भवन पी0 डब्लू0 डी0 द्वारा निर्मित है। कार्यालय दो खण्डों में विभक्त हे। एक खण्ड में दो कमरे हैं, जहाँ उत्पाद लिपिक तथा कर्मचारीगण कार्य करते हैं। दूसरे खण्ड में भी दो कमरे हैं, जिसमें से एक अधीक्षक उत्पाद का प्रकोष्ठ है तथा दूसरे में अभिलेख रखा जाता हैं। कार्यालय के भवन की स्थिति काफी जर्जर है। बताया गया कि कार्यालय भवन की मरम्मति हेतु भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखा गया है, जिसके अनुपालन में थोड़ी–बहुत मरम्मति की गयी है, फिर भी अधीक्षक उत्पाद का प्रकोष्ठ एवं अभिलेखगृह की हालत चिन्ताजनक है।

अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी को निर्देश दिया जाता है कि कार्यालय भवन की मरम्मति हेतु अधोहस्ताक्षरी की ओर से कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमण्डल; मधुबनी को पत्र लिखा जाय। इस संबंध में पत्र का प्रारूप दो दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उत्पाद कार्यालय, मधुबनी के जर्जर भवन की स्थिति को देखते हुए एक नये भवन की आवश्यकता प्रतीत होती है। इस संबंध में एक प्राक्कलन एवं नक्शा बनाकर अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत किया जाय ताकि सरकार से भवन निर्माण हेतु राशि की मांग की जा सके।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परिसर में बहुत सारी पुरानी गाड़ियाँ जीर्ण–शीर्ण अवस्था में पड़ी हुई है। इस संबंध में पूछने पर बताया गया कि पूर्व में विभिन्न मामले में इन गाड़ियों को जप्त किया गया था, जिसके संबंध वाद न्यायालय में विचाराधीन है। अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी को निर्देश दिया जाता है कि परिसर में जो भी गाड़ी यत्र–तत्र पड़ी हुई है, से संबंधित वादों के बारे में न्यायालय से सम्पर्क स्थापित कर एक प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। प्रधान सहायक के बगल वाले कमरे के सामने एक पुरानी जीप पड़ी हुई है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि यह गाड़ी विभागीय है एवं वर्ष 1996 से खराब पड़ी हुई है। अधीक्षक उत्पाद को निर्देश दिया जाता है कि जिला परिवहन पदाधिकारी, मधुबनी एवं मोटरयान निरीक्षक से

सम्पर्क कर एवं उन्हें पत्र लिखकर एवं प्रतिवेदन प्राप्त कर इस गाड़ी को नीलाम कर राशि उत्पाद शीर्ष के अन्तर्गत कोषागार में जमा कर उसकी सूचना उत्पाद आयुक्त को भेज दी जाय ताकि नयी गाड़ी प्राप्त की जा सके। यह कार्रवाई आज की तिथि से 15 दिनों के अन्दर पूर्ण करने का निर्देश उत्पाद अधीक्षक को दिया जाता है।

उत्पाद अधीक्षक, मधुवनी के प्रकोष्ठ के सामने दो कमरे का एक भवन है तथा उसके बगल में एसबेस्टस सीट वाला एक शेड है, जिसमें पूर्व से जप्त किया गया मद्य पदार्थ रखा हुआ है एवं महक रहा है तथा पानी चूने से अन्दर रखा हुआ सामान भी खराब हो रहा है। ऐसे अव्यवस्थित ढंग से रखने पर न्यायालय में साक्ष्य के रूप में भी प्रस्तुत करने में कठिनाई होगी। अधीक्षक उत्पाद को निर्देश दिया जाता है कि इन सारे सामानों को सुव्यवस्थित ढ़ंग से रखवाने हेतु नीचे फ्लोरिंग बनाकर एवं रैक बनवाकर सामानों की वर्षवार एवं विषयवार वर्गीकरण कर रखवाना सुनिश्चित करें ताकि न्यायालय में साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करने में कोई कठिनाई न हो। यह कार्य 15 दिनों के अन्दर पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

कार्यालय के निरीक्षण के दौरान विभिन्न कमरों में बहुत सारे कागजात लाल कपड़े में बंधा हुआ पाया गया। यह किस वर्ष का एवं किस विषय से संबंधित है, पूछने पर कुछ भी बताने में असमर्थता प्रकट की गयी, जो चिन्ता का विषय है। अधीक्षक उत्पाद मधुवनी को आदेश दिया जाता है कि अपने सारे अधीनस्थ कर्मचारियों को लगाकर सारे कागजात का वर्षवार एवं विषयवार वर्गीकरण कर अभिलेख हस्तक के नियम के तहत जो कार्य लायक नहीं है, उसके निष्पादन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें।

इस कार्यालय में शौचालय की व्यवस्था नहीं है, जो आवश्यक प्रतीत होता है। अधीक्षक उत्पाद को निर्देश दिया जाता है कि शौचालय निर्माण हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण प्रमण्डल, मधुबनी को अधोहस्ताक्षरी की ओर से पत्र लिखने हेतु पत्र का प्रारूप प्रस्तुत करें। कार्यालय परिसर में बहुत सी घास उगी हुई है, जिसे साफ करना आवश्यक प्रतीत होता है। इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कार्यालय परिसर में कुछ नारियल के पेड़ लगे हुए पाये गये। अधीक्षक उत्पाद ने बताया कि उनके कार्यकाल द्वारा ही इसे लगाया गया है।

कार्यालय में बिजली का कनेक्शन है एवं मीटर भी है। अधीक्षक उत्पाद ने बताया कि बिजली बिल के रूप में कुछ राशि भुगतान हेतु बकाया है, जिसे ऑकलन कर विभाग से आवंटन प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

कार्यालय निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहाँ दूरभाष की सेवा उपलब्ध नहीं है, जबकि इस मद में सरकार से आवंटन प्राप्त होता है। अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी को निदेश दिया जाता है कि अविलम्ब कार्यालय में दूरभाष लगवाना सुनिश्चित करें।

## (३) प्रभार :–

श्री कृष्ण पासवान, दिनांक 5/07/1999 से अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी के पद पर पदस्थापित हैं। इससे पूर्व श्री नूनू लाल चौधरी, अधीक्षक उत्पाद के रूप में पदस्थापित थे।

इस कार्यालय में अधीक्षक उत्पाद के पद पर निम्नांकित पदाधिकारी उनके नाम के सामने अंकित अवधि के दौरान पदस्थापित रहे हैं :–

| क्रमांक | पदाधिकारी का नाम | पदस्थापन की अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री भुलटेन राम | 30–01–1974 से 19–09–1976 तक |
| 2. | श्री पौल कुमार | 19–09–1976से अगस्त 79 तक |
| 3. | श्री मनेन्द्र कुमार (नि0 उ0) | अगस्त, 79 से 10–12–1979 तक |
| 4. | श्री डी0 डी0 मिश्रा | 10–12–1979 से 31–08–1980 तक |
| 5. | श्री के0 एन0 सहाय | 31–08–1980 से 30–11–1981 तक |
| 6. | श्री पंकज कुमार चक्रवर्ती | 30–11–1981 से 30–07–1985 तक |
| 7. | श्री रामचन्द्र पांडेय | 30–07–1985 से 30–06–1986 तक |
| 8. | श्री उमेश चन्द्र झा (नि0 उ0) | 30–11–1986 से 30–11–1986 तक |
| 9. | श्री विमला नंद झा | 30–11–1986 से 31–03–1987 तक |
| 10. | श्री उमेश चन्द्र झा (नि0 उ0) | 31–03–1987 से 01–01–1988 तक |
| 11. | श्री प्रभु नारायण राम | 01–01–1988 से 31–07–1988 तक |
| 12. | श्री गगनदेव नारायण सिंह | 10–08–1988 से 31–01–1989 तक |
| 13. | श्री सदानन्द चौधरी | 31–01–1989 से 14–06–1993 तक |
| 14. | श्री महादेव उरॉव | 14–06–1993 से 31–01–1995 तक |
| 15. | श्री विश्वनाथ प्रसाद (नि0 उ0) | 31–01–1995 से 13–06–1995 तक |

| | | |
|---|---|---|
| 16. | श्री राजदेव नारायण जमुआर | 13–06–1995 से 31–12–1997 तक |
| 17. | श्री कृष्ण नंदन सिंह (नि0 उ0) | 31–12–1997 से 02–01–1998 तक |
| 18. | श्री नूनू लाल चौधरी | 02–01–1998 से 05–07–1999 तक |
| 19. | श्री कृष्ण पासवान | 05–07–1999 से |

अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी के कार्यालय प्रकोष्ठ में पदाधिकारियों के पदस्थापन सूची का बोर्ड नीचे रखा हुआ है, जिसे अविलम्ब ऊपर टंगवाने का निर्देश दिया गया।

## (4) स्थापना :–

इस कार्यालयमें पदस्थापित पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के स्वीकृत बल के विरूद्ध कार्यरत बल की स्थिति निम्नवत है :–

| क्रमांक | पदनाम | स्वीकृत बल | कार्यरत बल | रिक्ति | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | अधीक्षक उत्पाद | 1 | 1 | X | |
| 2. | निरीक्षक उत्पाद | 2 | 1 | 1 | |
| 3. | अवर निरीक्षक उत्पाद (जिला कार्य) | 6 | 6 | X | |
| 4. | अवर निरीक्षक उत्पाद (विशेष कार्य) | 1 | 1 | X | |
| 5. | सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद (जिला कार्य) | 5 | 3 | 2 | |
| 6. | सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद (विशेष कार्य) | 1 | 1 | X | |
| 7. | उत्पाद सिपाही (जिला कार्य) | 20 | 20 | X | |
| 8. | उत्पाद सिपाही (विशेष कार्य) | 10 | 2 | 8 | |
| 9. | वरीय प्रवर कोटि सहायक | 1 | र | 1 | |
| 10. | कनीय प्रवर कोटि सहायक | 1 | र | 1 | |
| 11. | उत्पाद लिपिक | 3 | 3 | X | |
| 12. | भान चालक | 1 | 1 | X | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 13. | उत्पाद दफ्तरी | 1 | 1 | X | |

उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि निरीक्षक उत्पाद का एक पद, सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद (जिला कार्य) का दो पद, उत्पाद सिपाही (विशेष कार्य) का आठ पद, वरीय प्रवर कोटि सहायक का एक पद, एवं कनीय प्रवर कोटि सहायक का एक पद रिक्त है। अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी को निर्देश दिया जाता है कि रिक्त पदों पर पदस्थापन करने हेतु उत्पाद आयुक्त, बिहार, पटना को भेजे जाने वाले पत्र का प्रारूप अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें।

## इस कार्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों / कर्मचारियों के संबंध में विस्तृत विवरण निम्नवत है :–

| क्रमांक | कर्मचारी का नाम एवं पिता का नाम | पदनाम | नियुक्ति की तिथि | जन्म तिथि | सेवा निवृत्ति की तिथि | गृह पता | मधुबनी जिले में योगदान की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्री कृष्ण पासवान, पे0–स्व0 शोभी पासवान | अधीक्षक उत्पाद | 28.03.89 | 10.02.64 | 28.02.2022 | ग्राम–सरेवाद, पो0 अगहरा, थाना–सोनो, जिला–मुंगेर (अब–जमूई) | 05.07.1999 |
| 2. | श्री विश्वनाथ प्रसाद शर्मा, स्व0–रामलगन शर्मा | नरीक्षक उत्पाद | 07.04.90 | 18.07.45 | 31.07.2003 | ग्राम–मुरादपुर, पो0–करौटा, खुशरूपुर, जिला–पटना | 15.07.2000 |
| 3. | श्री विनय कुमार श्रीवास्तव स्व0 जगदीश चन्द्र प्र0 श्रीवास्तव | उत्पाद लिपिक | 16.01.78 | 31.07.53 | 31.07.2011 | ग्राम–हीरापट्टी, पो0+थाना–बेनीपट्टी जिला–मधुबनी | 01.05.1998 |
| 4. | श्री वृजनन्दन प्रसाद, स्व0 बालदेव मिस्त्री | उत्पाद लिपिक | 07.07.81 | 20.05.55 | 31.05.2013 | ग्राम–बनवारीपुर, पो0+थाना–हिलसा, जिला–नालंदा | 06.04.1995 |
| 5. | श्री रामप्रीति कुमार, स्व0 अयोध्या प्र0 सिंह | उत्पाद लिपिक | 20.08.87 | 15.12.67 | 31.12.2025 | गुरू सहाय लाल नगर, उत्तरी पटेलनगर, थाना–पाटलीपुत्रकॉलोनी, पटना | 16.04.1995 |
| 6. | श्री शिवनाथ पोद्दार श्री महावीर प्रसाद | चालक | 11.11.76 | 21.06.53 | 30.06.2011 | ग्राम–वेकापुर पो0–थाना–मुंगेर, जिला–मुंगेर | 19.06.1996 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | श्री उपेन्द्र चौधरी स्व0 माधुरी चौधरी | उत्पाद दफ्तरी | 19.04.76 | 02.05.53 | 31.05.2011 | ग्राम–चकदह, थाना–राजनगर, जिला–मधुबनी। | |
| 8. | मो0 मुस्ताक खॉ, स्व0 मुख्तार अहमद खॉ | अवर निरीक्षक उत्पाद | 15.09.79 | 22.6.54 | 30.06.2013 | ग्राम+पो0–काकेला, जिला–भोजपुर | 02.02.1999 |
| 9. | श्री जगत लाल | अवर निरीक्षक उत्पाद | 01.11.83 | | | ग्राम–गॉधी नगर, पो0 दीघा, थाना–दानापुर, जिला–पटना | 24.07.2000 |
| 10. | श्री सुमन कुमार सिंह स्व0 श्यामदेव महतो | अवर निरीक्षक उत्पाद | 31.7.90 | 12.11.67 | 30.11.2025 | ग्राम+पो0–तिलकपुर, थाना–सुलतानगंज, जिला–भागलपुर | 16.12.98 |
| 11. | श्री अनिल कुमार सिन्हा पे0 श्री टूका सिन्हा | अवर निरीक्षक उत्पाद | 13.06.80 | 15.10.54 | 31.10.2012 | ग्राम–सरैया, पो0–मरांली, थाना–पुनपुन, जिला–पटना | 03.07.2000 |
| 12. | श्री राजकिशोर प्र0 सिंह पे0–श्री कमल प्र0 सिंह | अवर निरीक्षक उत्पाद | 15.11.91 | 04.01.64 | 21.01.2022 | जुरन छपरा रोड, नं0–4 पो0–एम0 आई0 टी0, थाना–सदर, जिला–मुजफ्फरपुर। | 13.10.2000 |
| 13. | श्री अजय शंकर सहाय, पे0–श्रीविमला नंद प्रसाद | अवर निरीक्षक उत्पाद | 25.11.91 | 23.04.63 | 30.04.2021 | ग्राम–पातेपुर, गोपीनाथ, पो0–दीघरा, थाना–पुसा, जिला–समस्तीपुर | 13.09.2000 |
| 14. | श्री राम सुभग गिरी पे0–श्री शिवकुमार गिरि | अवर निरीक्षक उत्पाद | 02.11.83 | 05.07.50 | 31.07.2008 | ग्राम–किरकिरी पो0–मिलहर, थाना–सहार, जिला–भोजपुर | 05.04.2002 |
| 15. | श्री रामनरेश महतो स्व0 रामस्वार्थ महतो | सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद | 4.4.96 | 01.01.64 | 31.12.2022 | ग्राम+पो0–कुम्भी, थाना–चिड़िया, बरियारपुर, जिला–बेगुसराय | 01.07.2000 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16. | श्री सच्चिदानन्द सिंह पे0–श्री जुगेश्वर सिंह | सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद | 28.05.71 | 20.07.50 | 31.07.2008 | ग्राम–कोयलाकुण्ड, पो0–हायाघाट, थाना–कल्याणपुर | 01.07.2000 |
| 17. | श्री प्रकाश कुमार, स्व0 सूर्य किशोर मल्लिक | सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद | 01.07.94 | 13.07.71 | 31.07.2029 | ग्राम+पो0–हरिपुरडीहटोल, थाना–कलुआही, जिला–मधुबनी | 17.1.1997 |
| 18. | श्री शिव नारायण प्रसाद पे0 विशुनधारी प्रसाद | सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद | 20.04.79 | 02.01.50 | 31.01.2008 | ग्राम–सखीपालकी, पो0–गुरारूमोल, थाना–वियोम, जिला–गया | 01.08.2000 |
| 19. | शीला देवी पति–स्व0 अरूण कांत मिश्र | उत्पाद सिपाही | 11.07.90 | 16.01.62 | 31.01.2000 | ग्राम+पो0–हरिपुरडीहटोल, थाना–खजौली, जिला–मधुबनी | 09.10.1991 |
| 20. | श्री राजेश मिश्र | उत्पाद सिपाही | 07.04.80 | | | | 10.09.2001 |
| 21. | श्री सैयद अहमद हुसैन, पे0 श्री नाजीर हुसैन | उत्पाद सिपाही | 01.02.80 | 07.01.54 | 31.01.2012 | ग्राम–चन्दनपट्टी, थाना–सदर, पो0–मझौलिया, दरभंगा | 08.01.2001 |
| 22. | श्री नवल किशोर सिंह पे0–संतु सिंह | उत्पाद सिपाही | 13.12.69 | 17.10.46 | 31.10.2004 | ग्राम–छपड़ा, पो0 कलवारी, थाना–कांटी, मुजफ्फरपुर | 01.12.1998 |
| 23. | श्री मामुन रसीद | उत्पाद सिपाही | 22.08.74 | | | ग्राम–मुरैठ, पो0–नरही मुरैठ, थाना–बेनीपट्टी | 25.01.2001 |
| 24. | श्री अफताब आलम मो0 हफीज | उत्पाद सिपाही | 27.05.80. | 21.07.60 | 31.07.2018 | मो0–खाजा सराय,, पो0+थाना–लहेरियासराय, जिला–दरभंगा | 11.01.1999 |
| 25. | श्री गगनदेव सिंह पे0–रामसेवक सिंह | उत्पाद सिपाही | 06.07.88 | 05.11.60 | 30.11.2018 | ग्राम–रामपुर, पटोरी, पो0–बनचौरी, जिला–सीतामढ़ी | 27.01.1999 |
| 26. | श्री उमानाथ प्रसाद पे0–सुखदेव प्रसाद | उत्पाद सिपाही | 22.12.73 | 08.03.52 | 31.03.2010 | ग्राम–लदौरापकरी, थाना–कुढ़नी, जिला–मुजफ्फरपुर | 01.01.1999 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27. | श्री गंगानाथ मिश्र<br>पे0 री मार्कंडेय मिश्र | उत्पाद सिपाही | 10.07.80 | 08.05.58 | 31.05.2016 | ग्राम+पो0–नाहस रूपौली,<br>जिला–मधुबनी | 12.07.2001 |
| 28. | श्री सुधाकर झा | उत्पाद सिपाही | 07.04.80 | 21.01.57 | 31.01.2015 | ग्राम–भरतपुर, पो0–छतवन,<br>थाना–केवटी, जिला–दरभंगा | 20.01.199 |
| 29. | श्री प्रभात कुमार सिंह | उत्पाद सिपाही | 03.06.80 | | | ग्राम–ब्रहमौल, पो0–सिरसी नानपुर,<br>थाना–नानपुर, जिला–सीतामढ़ी | 03.10.2001 |
| 30. | मो0 आलमगिर खॉ<br>पे0–अशरफ अली खॉ | उत्पाद सिपाही | 19.01.75 | 10.12.52 | 31.12.2010 | ग्राम–पो0 बेजरिया, पो0–मोतीहारी,<br>थाना–मोतीहारी, जिला–मोतीहारी | 26.07.2000 |
| 31. | श्री रामपदारथ साह | उत्पाद सिपाही | | | | | 08.08.2001 |
| 32. | श्री रामशरण कामती<br>पे0–गोधरी कामती | उत्पाद सिपाही | 18.10.66 | 01.02.47 | 28.02.2005 | ग्राम–ठाकुरवाड़ी चौक, भट्ठा<br>बाजार, जिला–पूर्णिया | 26.07.2000 |
| 33. | श्री ठाकुर पुरूषोत्तम सिंह<br>पे0–श्री कौलेश्वर सिंह | उत्पाद सिपाही | 05.05.80 | 25.07.61 | 31.07.2019 | ग्राम–चांदी, पो0–जरही, चांदी,<br>थाना–कोईलवर, जिला–भोजपुर | 01.08.2000 |
| 34. | श्री किशारी पासवान<br>पे0–तिलक पासवान | उत्पाद सिपाही | 05.01.76 | 13.01.54 | 31.01.2012 | ग्राम–पिण्डारूछ, थाना–केवटी,<br>पो0–पिण्डारूछ, जिला–दरभंगा | 23.11.2000 |
| 35. | श्री पुरन राम | उत्पाद सिपाही | 28.04.74 | | | | 08.02.2001 |
| 36. | श्री धीरेन्द्र प्र0 पांडेय | उत्पाद सिपाही | 14.12.76 | | | | 06.08.2001 |
| 37. | श्री मो0 कलीमउद्दीन खॉ<br>पे0–मो0 जैनुद्दीन खॉ | उत्पाद सिपाही | 28.02.80 | 02.02.60 | 28.02.2018 | ग्राम–कखला, जगदीशपुर,<br>जिला–भोजपुर | 02.07.1999 |
| 38. | श्री कुदरत बैठा | उत्पाद सिपाही | 28.06.80 | | | ग्राम–कुसुमपुर बकरी, पो0–रीगा,<br>जिला–सीतामढ़ी | 07.02.2002 |
| 39. | श्री परमानन्द महतो | उत्पाद सिपाही | | | | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 40. | श्री देवचन्द्र झा (सेवा निवृत) | उत्पाद सिपाही | 16.05.71 | | | ग्राम–मछैटा,पो0–वारसौन नदियानी, थाना– मनीगाछी, दरभंगा | 14.07.2000 |

बताया गया कि श्री परमानन्द महतो, उत्पाद सिपाही, जून, 1996 से ही लापता हैं। इस संबंध में कार्यालय पत्रांक–170, दिनांक 10.03.2000 द्वारा उत्पाद आयुक्त, बिहार, पटना को प्रतिवेदित किया गया है। इसके अतिरिक्त दैनिक अखबार में भी श्री महतो के संबंध सूचना प्रकाशित की गयी है। अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी को आदेश दिया जाता है कि श्री महतो के गृह पता पर निबंधित डाक से पुनः पत्र लिखा जाय, जिसमें यह उल्लेख किया जाय कि चूंकि श्री महतो 7 (सात) वर्षों से अधिक की अवधि से अपने कर्त्तव्य से अनुपस्थित हैं, अतएव बिहार सेवा संहिता के नियम–76 के आलोक में उन्हें सेवा से वंचित करने हेतु उत्पाद आयुक्त, बिहार, पटना को प्रतिवेदित कर दिया जाएगा।

## (5) पूर्व निरीक्षण :–

इस कार्यालय का निरीक्षण पूर्व में निम्नांकित निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित तिथियों में किया गया है:–

| क्रमांक | निरीक्षी पदाधिकारी का नाम/पदनाम | निरीक्षण की तिथि | अनुपालन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | उपायुक्त उत्पाद, दरभंगा प्रमंडल | 27.12.80 | |
| 2. | श्री केदार नाथ सहाय, अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी | 27.07.81 | |
| 3. | श्री रामानंद प्रसाद, उपायुक्त उत्पाद, दरभंगा सह कोशी प्रमंडल | 20.03.83 | |
| 4. | श्री जयचन्द्र मिश्र, संयुक्त आयुक्त, बिहार, पटना | 30.11.83 | |
| 5. | श्री रामानंद प्रसाद, उपायुक्त उत्पाद, दरभंगा सह कोशी प्रमंडल | 19.01.84 | |
| 6. | श्री रामानंद प्रसाद, उपायुक्त उत्पाद, दरभंगा सह कोशी प्रमंडल | 13.03.85 | |
| 7. | श्री निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, उपायुक्त उत्पाद, ई0 आई0 बी0, बिहार, पटना | 22.09.94 | |
| 8 | श्री संतोष कुमार जमुआड़, उपायुक्त उत्पाद, दरभंगा सह कोशी प्रमंडल | 28.06.95 | |
| 9. | श्री संतोष कुमार जमुआड़, उपायुक्त उत्पाद, दरभंगा सह कोशी सह पूर्णिया प्रमंडल | 29.11.96 | |
| 10. | श्री कृष्ण पासवान, अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी | 01.04.2002 | |

उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि वर्ष 1980 से लगातार विभिन्न निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा इस कार्यालय का निरीक्षण किया गया है, परंतु प्रत्येक निरीक्षी पदाधिकारियों के लिए अलग–अलग रक्षी संचिका (गार्ड फाईल) संधारित नहीं की गयी है, जो खेद का विषय है। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि सभी निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा इस कार्यालय के किये गये निरीक्षण की निरीक्षण टिप्पणी अलग–अलग संचिकाओं में रखी गई है, जो उचित नहीं है। इसके अतिरिक्त उपर्युक्त आंकड़ों में यह भी नही दर्शाया गया है कि उक्त पदाधिकारियों द्वारा इस कार्यालय के किये गये निरीक्षण की निरीक्षण टिप्पणी कब प्राप्त हुई एवं उसका अनुपालन कब किया गया। वर्तमान अधीक्षक उत्पाद मधुबनी इस कार्यालय में वर्ष 1999 से ही पदस्थापित हैं, परंतु उनके द्वारा तीन माह पूर्व ही इस कार्यालय का निरीक्षण किया गया है, जो गंभीर विषय है। बिहार बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम–52 एवं 80 के अनुसार प्रत्येक नियंत्री पदाधिकारी को अपने कार्यालय का वर्ष में दो बार विस्तृत निरीक्षण करने का प्रावधान है। अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी भविष्य में इसे सुनिश्चित करेंगें। इस नियमावली के नियम 60 के अनुसार निरीक्षी पदाधिकारियों के लिए अलग–अलग रक्षी संचिका संधारित की जानी है, जिसमें अनुक्रमणी लगी होगी। निरीक्षण टिप्पणी का अनुपालन प्रतिवेदन भी संबंधित निरीक्षी पदाधिकारियों के लिए संधारित रक्षी संचिका में चिपकाया जाना चाहिए। साधारणतः निरीक्षण टिप्पणी प्राप्ति के एक माह के अंदर अनुपालन किया जाना है। यदि अंतिम अनुपालन संभव नहीं हो तो अंतरिम अनुपालन प्रतिवेदन निश्चित रूप से भेजा जाना चाहिए। जिन विन्दुओं का अंतिम अनुपालन नहीं होता है उन विन्दुओं पर तब तक कार्रवाई करनी चाहिए जब तक उसका अनुपालन पूर्णरूपेन नहीं हो जाता है। अनुपालन प्रतिवेदन समय पर भेजने की जिम्मेवारी प्रधान सहायक की होती है। अधीक्षक उत्पाद मधुबनी को आदेश दिया जाता है कि भविष्य में निरीक्षण टिप्पणी का अनुपालन विशेष ध्यान देकर सुनिश्चित करायें। अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी को यह भी आदेश दिया जाता है कि पूर्व में किये गये सभी निरीक्षी पदाधिकारियों का निरीक्षण टिप्पणी का अध्ययन कर एवं सभी निरीक्षी पदाधिकारियों का निरीक्षण टिप्पणी को अलग–अलग रक्षी संचिका में संधारित करना सुनिश्चित करें तथा अनुक्रमणिका तैयार कर निरीक्षण टिप्पणी का अनुपालन प्रतिवेदन भी उसी में चिपकाना सुनिश्चित करे।

(6) पत्राचार :–

विगत तीन वर्षो में प्राप्त एवं निर्गत पत्रों की स्थिति निम्न प्रकार है :–

| क्रमांक | वित्तीय वर्ष | प्राप्त पत्रों की संख्या | निर्गत पत्रों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2000–2001 | – | 947 |
| 2. | 2001–2002 | 272 | 1225 |
| 3. | 2002–2003 (30.06.02 तक) | 26 | 647 |

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इस कार्यालय में प्राप्त एवं निर्गत पत्रों के लिये पंजी सही ढ़ंग से संधारित नहीं की गई है। एक मोटी पंजी में सारे वर्षो का प्राप्त एवं निर्गत पत्रों को अव्यवस्थित रूप से लिखा गया है, जो बहुत ही गम्भीर विषय है। बिहार अभिलेख हस्तक नियम–8 खण्ड 1 एवं 2 के अनुसार पत्राचार के लिए प्राप्त एवं निर्गत पत्रों के लिए अलग–अलग विहित प्रपत्र में पंजी संधारित की जानी है, जो नहीं की गयी है। पंजी के सभी स्तम्भ को भरा भी नहीं गया है। पत्र कहां रखा गया। पत्र पर क्या कार्रवाई की गई। कुछ भी नहीं लिखा गया है। अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी को आदेश दिया जाता है कि अपने कार्यालय के प्रधान सहायक/सहयको को स्थापना उपसमाहर्त्ता, मधुबनी एवं कार्यालय अधीक्षक, मधुबनी समाहरणालय से सम्पर्क स्थापित कर पंजी संधारण के संबंध में प्रशिक्षण दिलवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें एवं तदनुसार अनुपालन सुनिश्चित करें। पत्राचार कार्यालय का हृदय होता है एवं पूरे कार्यालय का नियंत्रण भी पत्र से ही होता है। दुर्भाग्यवश यह प्रथा इस कार्यालय में नहीं है और न ही किसी पदाधिकारी द्वारा इस ओर ध्यान ही दिया गया हैं। पंजी अवलोकन से यह भी ज्ञात हुआ कि कार्यालय में संधारित सभी पंजियों में पृष्ठों का सत्यापन सबसे अंतिम पृष्ठ पर किया गया है, जो उचित परम्परा नहीं है। पंजी के प्रथम पृष्ठ पर ही पृष्ठों का सत्यापन किया जाना चाहिए। प्रधान सहायक इसका अनुपालन सुनिश्चित करें।

## (7) अनुक्रमणी पंजी :–

इस कार्यालय में अनुक्रमणी पंजी संधारित नहीं की जाती ही हैं। कुल कितने विषयों पर संचिकाऐं इस कार्यालय में खोली गई है, यह बताने में प्रधान सहायक असमर्थ थे। अधीक्षक उत्पाद को आदेश दिया जाता है कि उनके कार्यालय में जितने विषयों पर संचिकायें संधारित की जा रही है, उन संचिकाओं के ऊपर संचिका संचयन संख्या दिलवाना सुनिश्चित करें एवं अनुक्रमणिका कर्णाकित कर संचिका संचालन कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में यह भी निर्देश दिया जाता है कि प्रधान सहायक/सहायक, जिला स्थापना शाखा, मधुबनी के प्रधान सहायक से सम्पर्क स्थापित कर अनुक्रमणी पंजी संधारण के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त कर तदनुकूल कार्रवाई सुनिश्चित करे। बिना अनुक्रमणी के कोई कार्यालय नहीं चलता है। प्रधान सहायक को मालूम होना चाहिए कि कुल कितने विषयों पर कितनी संचिकायें खोली गई है।

## (8) संचिका गति पंजी :–

इस कार्यालय में संचिका गति पंजी का संधारण नहीं किया जाता है। प्रधान सहायक को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक दिन जितनी सचिकायें उपस्थापित की जाती है, उसके संबंध में एक पंजी संधारित की जाय। जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि पत्र कहां से प्राप्त हुआ, उसका पत्रांक/दिनांक क्या है, विषय क्या है, उस पर क्या कार्रवाई की गयी आदि। इस संबंध में प्रधान सहायक अपने सहायकों के साथ जिला स्थापना शाखा के प्रधान सहायक से सम्पर्क स्थापित कर प्रशिक्षण प्राप्त करें।

## (9) चपरासी वही :-

चपरासी वही विहित प्रपत्र में संधारित नहीं किया गया है। इसे दो खंड में संधारित किया जाय। एक स्थानीय एवं एक बाहरी कार्यालय के लिए। प्रधान सहायक अनुपालन सुनिश्चित करें।

## (10) उपस्थिति पंजी :-

उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। यह विहित प्रपत्र में संधारित है, परंतु कार्यरत कर्मचारियों के नाम के पूर्व क्रमांक नहीं दिया गया है। प्रधान सहायक इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण देते हुए सभी कर्मियों के नाम के पूर्व क्रमांक देना सुनिश्चित करें।

## (11) आकस्मिक अवकाश पंजी (पंजी-69) :-

एक सादी पंजी में यह संधारित किया गया है, जो उचित नहीं है। इसे विहित प्रपत्र में संधारित करने का निर्देश दिया जाता है। इस संबंध में प्रधान सहायक, उत्पाद जिला स्थापना शाखा, मधुबनी के प्रधान सहायक से सम्पर्क स्थापित कर पंजी का संधारण सुनिश्चित करें।

## (12) सेवापुस्त :-

इस कार्यालय में पदस्थापित कुल पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या 40 है, जिसमें से मात्र 28 (अठाईस) कर्मियों का सेवापुस्त उपलब्ध कराया गया। बताया गया कि उत्पाद सिपाही श्री राजेश मिश्र, श्री रामपदारथ साह, श्री पुरन राम, श्री धीरेन्द्र प्रसाद पांडेय एवं श्री परमानंद महतो का सेवापुस्त उनके पूर्व पदस्थापन कार्यालय से उपलब्ध नहीं कराया गया है। अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी को आदेश दिया जाता है कि जिन कर्मियों का सेवापुस्त उपलब्ध नहीं है, उनके पूर्व पदस्थापन कार्यालय से मंगवाने हेतु अर्द्धसरकारी पत्र द्वारा स्मारित करें। इसके अतिरिक्त अन्य कर्मियों की सेवापुस्त सचिवालय में प्रोन्नति हेतु भेजी गयी है। निरीक्षण के क्रम में श्री विश्वनाथ प्रसाद शर्मा, उत्पाद निरीक्षक के सेवापुस्त का अवलोकन किया। इनका सेवापुस्त 31.03.2002 तक सत्यापित है। परंतु अवकाश लेखा विवरणी विल्कुल सादा है। इसमें कोई प्रविष्टि नहीं की गयी है, जो आश्चर्य जनक प्रतीत होता है। इनके सेवापुस्त में वेतन वृद्धि की तिथि भी अंकित नहीं है। क्या श्री शर्मा द्वारा कभी-भी अवकाश नहीं लिया गया ? अधीक्षक उत्पाद स्पष्ट करें। इसी प्रकार श्री रामप्रीति कुमार, उत्पाद लिपिक के सेवापुस्त का अवलोकन किया। इनकी सेवापुस्त दिनांक 31.03.2002 तक सत्यापित है। अवकाश लेखा विवरणी में दिनांक 19.02.97 तक प्रविष्टि की गई है। दिनांक 20.02.97 से 18.05.97 तक कुल 88 दिनों का अजिंत अवकाश अंकित है, जिसकी प्रविष्टि इनके सेवापुस्त में की गई है, परंतु अवकाश लेखा अद्यतन नहीं किया गया है। इसी प्रकार ठाकुर पुरूषोत्तम कुमार सिंह, उत्पाद सिपाही के सेवा पुस्त का अवलोकन किया गया। इनकी सेवापुस्त 31.03.2002 तक सत्यापित है। अवकाश लेखा संलग्न है, परंतु अवकाश संबंधी एक भी प्रविष्टि प्रपत्र में अंकित नहीं की गई है, जिसके फलस्वरूप यह

पता नहीं चल रहा है कि इस कर्मचारी का कितने दिनों का अवकाश इनकी सेवा अवधि में अब तक संचित है और कितने दिनों के अवकाश का उपभोग इनके द्वारा किया गया है। सेवा पुस्त में भी अवकाश उपभोग किये जाने के बारे में अंकित नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य कर्मचारियों के सेवापुस्त का निरीक्षण किया गया। स्थिति प्रायः एक जैसी है। ऐसा प्रतीत होता है कि अधीक्षक उत्पाद में बिना किसी छानबीन किये मुहर बनाकर यांत्रिक रूप से हस्ताक्षर मात्र कर अपने कर्त्तव्यों की इतिश्री समझ लिया है, जो बहुत ही गम्भीर विषय है। सेवापुस्त के सत्यापन करते समय न तो सभी स्तम्भों को भरा गया है और न ही अवकाश लेखा का संधारण किया गया है। नियमानुसार सभी नियंत्री पदाधिकारी को वर्ष में दो बार सेवापुस्तिका का सत्यापन करना है। सेवापुस्तिका के सत्यापन के समय यह देखना आवश्यक है कि (1) सेवा निरंतर है अथवा नहीं (2) सेवा में कोई टूट तो नहीं है। (3) वेतन वृद्धि समय पर दी गई अथवा नहीं। (4) अवकाश लेखा विवरणी अर्थात् कितने दिन उपार्जित अवकाश देय है, कितने दिन उपभोग किया जा चुका है। (5) वेतन निर्धारण पर्ची गयी है अथवा नहीं। अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी को आदेश दिया जाता है कि अपने प्रधान सहायक/सहायक को जिला स्थापना के प्रधान सहायक एवं कार्यालय अधीक्षक, समाहरणालय मधुबनी से सम्पर्क स्थापित कर सेवापुस्त संधारण के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। साथ ही वैसे सरकारी सेवक जिनका सेवापुस्त दो खंडो में संधारित है, उसे भी सत्यापित कर द्वितीय खंड के सेवापुस्त के उपर में संबंधित सरकारी सेवक का नाम आदि भी अंकित कराना सुनिश्चित करें। अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी को यह भी आदेश दिया जाता है कि सभी सेवापुस्तों की जांच कर उपर्युक्त दिये गये निर्देश का अनुपालन एक सप्ताह के अंदर करके प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें।

## (13) भविष्य निधि पासबुक :-

इस कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के लिए भविष्य निधि पासबुक संधारित नहीं की जाती है, जो बहुत ही गम्भीर विषय है, अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी द्वारा बताया गया कि आवश्यकतानुसार वेतन भरपाई पंजी से ही। सूचनायें उतार कर भेज दी जाती है। यह तरीका विल्कुल ही गलत है। सभी कार्यरत कर्मचारियों का भविष्य निधि पासबुक कार्यालय में संधारित होना चाहिए। अधीक्षक उत्पाद को आदेश दिया जाता है कि इस हेतु विहित प्रपत्र में मुद्रित पासबुक में सभी कार्यरत कर्मचारियों का भविष्यनिधि मद में की गई कटौती विवरणी का इन्द्राज कराना सुनिश्चित करें। साथ ही यदि किसी कर्मचारी द्वारा भविष्य निधि से अग्रिम ली जाती है तो उसका भी उल्लेख उक्त पासबुक में किया जाए। यह कार्यालय वर्ष 1974 से स्वतंत्र रूप से कार्यरत है, परंतु कार्यालय की कार्यशैली बहुत ही अजीब है। इसमें कार्यरत प्रधान सहायक/सहायक भी काफी दिनों से इस कार्यालय में कार्यरत है, परंतु जानकारी के अभाव इनके द्वारा पंजियाँ ढ़ंग से संधारित नहीं की जा रही है। अधीक्षक उत्पाद को आदेश दिया जाता है कि सभी कार्यरत कर्मचारियों का भविष्य निधि पासबुक एक सप्ताह के अंदर खोलकर एवं अद्यतन इन्द्राज कर अनुपालन प्रतिवेदन अद्योहस्ताक्षरी को भेजना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के क्रम में अधीक्षक उत्पाद को बताया गया कि जिला भविष्य निधि कार्यालय, मधुबनी द्वारा भविष्य निधि की कटौती विवरणी अद्यतन कर उसका एकाउन्टस स्लीप देने का अभियान चलाया जा रहा है। अतः सभी कर्मियों की कटौती विवरणी स्त्यापित कर जिला भविष्य निधि कार्यालय, मधुबनी में एक सप्ताह के अंदर भेजना सुनिश्चित करें। बताया गया कि 29 (उन्तीस) सरकारी सेवकों का भविष्य निधि कटौती विवरणी अलग–अलग पत्रों के माध्यम से जिला भविष्य निधि कार्यालय, मधुबनी को भेजा गया है। अधीक्षक उत्पाद को निर्देश दिया जाता है कि शेष कर्मचारियों का भविष्य निधि कटौती विवरणी अविलम्ब एक सप्ताह के अंदर भेजते हुए अनुपालन प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को भेजे। इसके अतिरिक्त ऐसे सरकारी सेवक, जिनका पदस्थापन अन्य जिलों में था, उन्हें उक्त जिलों में प्रतिनियुक्ति कर कटौती विवरणी मंगवाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए।

## (14) रोकड़ बही :–

बिहार कोषागार संहिता के नियम–86 कंडिका–1 के अनुसार सामान्य रोकड़ वही का संधारण टी0 सी0 फार्म–6 में किया गया है एवं दिनांक 07.07.2002 तक अधीक्षक उत्पाद द्वारा सत्यापित है। रोकड़ बही के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि दिनांक 07.07.2000 तक इसमें अन्तशेष के रूप में 40,651/– रूपया है। बताया गया कि यह राशि श्री कृष्णानंद मोची, सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद के भविष्य निधि से अंतिम निकासी की राशि है, जिसे भारतीय स्टेट बैंक के चालू खाता संख्या–010500216 में विपत्र संख्या 13/2002–2003 द्वारा जमा किया जा चुका है। अधीक्षक उत्पाद ने बताया कि श्री मोची को कार्यालय पत्रांक 656 दिनांक 04.07.2002 द्वारा भुगतेय राशि प्राप्त करने हेतु सूचित किया गया है, परंतु उनके नहीं आने के कारण यह राशि बैंक में जमा है। अधीक्षक उत्पाद को आदेश दिया जाता है कि श्री मोची को पुनः भुगतेय राशि प्राप्त करने हेतु स्मारित करें। बताया गया कि इस कार्यालय में सामान्य रोकड़बही के अलावा अलग–अलग सहायक रोकड़ वही संधारित नहीं है। वेतन मद की राशि शीर्ष 2039 में एवं सरकारी कोष की राशि 0039 शीर्ष में जमा की जाती है।

## (15) पेंशन :–

इस कार्यालय में अब तक सेवानिवृत हुए पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुची निम्न प्रकार के है, जिन्हें सेवानिवृत या मृत्यु के उपरांत मिलने वाले सभी लाभों का भुगतान किया जा चुका है :–

| क्रमांक | सेवानिवृत्त पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम | पदनाम | सेवनिवृत्त की तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | श्री दयानाथ मिश्र | सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद | 31.01.93 | |
| 2. | श्री कृष्णानंद मोची | सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद | 30.04.94 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. | श्री राजेश नारायण जमुआड़ | अधीक्षक उत्पाद | 31.12.97 | |
| 4. | श्री महादेव उराँव | अधीक्षक उत्पाद | 31.01.95 | |
| 5. | श्री कुलदीप लाल दास | उत्पाद लिपिक | 30.11.94 | |
| 6. | श्री जीवछ ठाकुर | उत्पाद लिपिक | 31.03.02 | |
| 7. | श्री तारकेशव प्रसाद | उत्पाद सिपाही | 30.09.85 | |
| 3. | श्री कमला कांत झा | उत्पाद सिपाही | 31.01.86 | |
| 9. | श्री फुलेश्वर सिंह | उत्पाद सिपाही | 15.11.92 | |
| 10. | श्री श्याम किशोर मिश्र | उत्पाद लिपिक | 16.02.95 | |
| 11. | श्री सियाराम महतो | अवर निरीक्षक उत्पाद | 31.07.97 | |
| 12. | श्री हरिवंश सिंह | उत्पाद सिपाही | 30.04.95 | |
| 13. | श्री तिलकेश्वर झा | उत्पाद सिपाही | 31.08.96 | |
| 14. | श्री रामश्रेष्ठ सिंह | उत्पाद सिपाही | 31.03.97 | |
| 15. | श्री राजा बहादुर सिंह | उत्पाद सिपाही | 28.02.98 | |
| 16. | श्री रेवती नाथ झा | उत्पाद सिपाही | 31.01.99 | |
| 17. | श्री शिवनरेश राम | उत्पाद सिपाही | 28.02.99 | |
| 18. | श्री हेम चन्द्र झा | उत्पाद सिपाही | 01.03.99 | |
| 19. | श्री रेयास्त हुसैन | उत्पाद सिपाही | 30.06.99 | |
| 20. | श्री अशर्फी पासवान | उत्पाद सिपाही | 31.01.01 | |
| 21. | श्री शिवनाथ झा | उत्पाद सिपाही | 30.06.01 | |

## (16) त्रुटि पंजी :–

यह पंजी संधारित की गई है परंतु जीर्ण–शीर्ण स्थिति में है। इस पंजी का संधारण वर्ष 1989–90 में दिनांक 18.09.89 **तक ही** किया गया है। त्रुटिपंजी का मुख्य उद्देश्य यह है कि निरीक्षण के दौरान कार्यालय की व्यवस्था में जो त्रुटि आदि पाई जाती है, उसका उल्लेख **इस पंजी में**

अंकित करना है। दुर्भाग्यवश यह एक औपचारिकता ही रह गई है। उदाहरणस्वरूप उपायुक्त, उत्पाद, दरभंगा द्वारा दिनांक 29.11.96 से 30.11.96 तक इस कार्यालय का निरीक्षण के दौरान त्रुटि पंजी में स्पष्ट रूप से त्रुटियों का उल्लेख किया गया है। साथ ही उस निरीक्षण टिप्पणी के कंडिका–2 कॉलम 4 में वर्तमान स्थिति जो लिखा हुआ, त्रुटि योग्य बनी हुई है, वह अभी तक ज्यों की त्यों बनी हुई है, जो चिन्ताजनक है। अधीक्षक उत्पाद, मधुवनी को आदेश दिया जाता है कि इस पर ध्यान दें, एवं सारी त्रुटियों का त्रुटिमार्जन कर अनुपालन सुनिश्चित करे एवं प्रत्येक माह इसकी समीक्षा भी करें।

## (17) अंकेक्षण :–

अंकेक्षण से संबंधित मामले के लिए एक पंजी वर्ष 81 से इस कार्यालय में संधारित की गई है, जिसमें उठायी गयी आपत्तियों को दर्ज किया जाता है। प्रत्येक वर्ष के लिए अलग–अलग संचिका संधारित की गई है। बताया गया कि इस कार्यालय का महालेखाकार, रॉंची द्वारा वर्ष 1980 अंकेक्षण किया गया है, जिसमें अंकेक्षण से संबंधित आपत्तियों देखा, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्रमांक | अंकेक्षण संख्या | अंकेक्षण वर्ष | आपत्ति कंडिका | अनुपालन का सारांश |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | 546/80–81 | 79–80 | 1 से 2 | कंडिका–1 में उठाई गई आपत्ति का निष्पादन कर दिया गया है। कंडिका–2 में दर्शायी गई राशि को राईट ऑफ के लिए लिखा गया है। आपत्ति यथावत है। |
| 2. | 427/81–82 | 80–81 | 1 से 6 | कंडिका–35 एवं 6 निष्पादित शीर्ष कंडिकाओं का उत्तर भेजा जा चुका है। आपत्ति बनी हुई है। |
| 3. | 471/82–83 | 81–82 | 1 से 7 | सभी कंडिकाओं का उत्तर भेजा गया है। आपत्ति बनी हुई है। |
| 4. | 746/83–84 | 82–83 | 1 से 5 | कंडिका–3 एव 5 निष्पादित। शेष कंडिकाओं का उत्तर भेजा गया है। आपत्ति बनी हुई है। |
| 5. | 541/84–85 | 83–84 | 1 से 4 | कंडिका संख्या–1 एवं 2 निष्पादित। शेष कंडिका उत्तर भेजा जा चुका है। आपत्ति बनी हुई है। |
| 6. | 601/85–86 | 84–85 | 1 से 11 | कंडिका संख्या – 5, 6, 7 बी, 9 बी, 10 एवं 11 निष्पादित। शेष कंडिकाओं का उत्तर भेजा जा चुका है। आपत्ति बनी हुई है। |
| 7. | 618/86–87 | 85–86 | 1 से 11 | इन कंडिकाओं का उत्तर भेजा जा चुका है। आपत्ति बनी हुई है। |
| 8. | 1030/87–88 | 86–87 | 1 से 2 | इन कंडिकाओं का उत्तर भेजा जा चुका है। आपत्ति बनी हुई है। |
| 9. | 603/88–89 | 87–88 | 1 से 4 | इन कंडिकाओ का उत्तर भेजा जा चुका है। आपत्ति बनी हुई है। |
| 10. | 930/89–90 | 88–89 | 1 से 7 | कंडिका–7 निषपादित। शेष कंडिकाओं का भी उत्तर भेजा गया है। आपत्ति बनी हुई है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11. | 788 / 90–91 | 89–90 | 1 से 2 | कंडिका – 2 निष्पादित। कंडिका–1 का उत्तर भेजा जा चुका है। साथ ही संबंधिति बकाया राशि की वसूली हेतु नीलाम पत्र बाद भी दायर किया गया है। |
| 12. | 283 / 91–92 | 90–91 | 1,2,3 एवं 4 (ए), (वी) | सभी कंडिकाओं का उत्तर भेजा गया है। आपत्ति बनी हुई है। |
| 13. | 300 / 93–94 | 91–92 और 92–93 | 1 से 6 | सभी कंडिकाओं का उत्तर भेजा गया है। आपत्ति बनी हुई है। |
| 14. | 112 / 95–96 | 93–94 और 94–95 | 1 से 11 | कंडिका संख्या 7,9,10 एवं 11 निष्पादित। शेष कंडिकाओं का उत्तर भेजा जा चुका है। आपत्ति बनी हुई है। |
| 15. | 188 / 96–97 | 95–96 | 1 से 7 | कंडिका 6 एवं 7 निष्पादित। शेष कंडिकाओं का उत्तर भेजा जा चुका है। आपत्ति बनी हुई है। |
| 16. | 71 / 98–99 | 96–97 और 97–98 | 1 से 8 | सभी कंडिकाओं का उत्तर भेजा गया है। आपत्ति बनी हुई है। |

उपर्युक्त तालिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि वर्ष 79–80 में इस कार्यालय का महालेखाकार, रॉची द्वारा किए गये अंकेक्षण की कंडिका 1 एवं 2 में दर्शायी गई, आपत्ति अभी तक बनी हुई है, जो बहुत ही गम्भीर विषय है। उपर्युक्त आंकड़ों में यह दर्शाया गया है कि प्रायः कंडिकाओं का निष्पादन किया जा चुका है। परंतु आपत्ति बनी हुई है। आखिर जब आपत्ति का निराकरण कर दिया गया तो पुनः आपत्ति बनी हुई है, लिखने का क्या औचित्य है। अधीक्षक उत्पाद अभिलम्ब स्थिति स्पष्ट करें। बताया गया कि वर्ष–2002–2001 में भी इस कार्यालय का अंकेक्षण किया गया है। परंतु अंकेक्षण प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। अधीक्षक उत्पाद, मधुबनी को आदेश दिया जाता है कि अंकेक्षण हेतु एक पंजी संधारित करें, एवं उठाये गये आपत्तियों को दर्ज करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन पत्रांक / दिनांक सहित लाल रंग अथवा पींक रंग से संधारित कराना सुनिश्चित करें। यह एक महत्वपूर्ण पंजी हैं।

## (18) प्रशासनिक परिवर्त्तन :–

निरीक्षण के क्रम में अधीक्षक उत्पाद ने बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2001–2002 में कोई महत्वपूर्ण प्रशासनिक परिवर्तन नहीं हुआ है। इस वित्तीय वर्ष में देशी, विदेशी एवं मसालेदार देशी शराब की दुकानों की बन्दोबस्ती का अवधि विस्तार दो माह यथा अप्रील, 2001 एवं मई, 2001 तक के लिए किया गया था। इसके बाद बन्दोबस्ती शेष अवधि के लिए की गई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में विशेषाधिकार प्राप्त अनुज्ञप्ति प्रपत्र–27 (देशी शराब)

का अवधि विस्तार एक माह यानी अप्रील, 2002 तक पत्रांक 1205 दिनांक 31.03.2002 द्वारा तथा पुनः एक माह अर्थात मई, 2002 तक के लिए पत्रांक–1634 दिनांक 29.04.2002 के आलोक में एवं पत्रांक 1966 दिनांक 31.05.2002 द्वारा दो माह यथा माह जून, 2002 एवं जुलाई, 2002 तक के लिए किया गया।

## (19) बन्दोबस्ती :–

अधीक्षक उत्पाद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2001–2002 में यथा वित्तीय वर्ष 2002–2003 में सभी प्रकार की देशी, विदेशी एवं मसालेदार देशी शराब की दुकानों की शत–प्रतिशत बन्दोबस्ती हुई है। छः विदेशी शराब दुकानों यथा (1) मधुबनी वार्ड नं0–4 (2), मधुबनी वार्ड नं0–6 (3), मधुबनी वार्ड नं0–15 (4), सकरी (5) पंडौल (6) रामपट्टी को वित्तीय वर्ष 2002–2003 के लिए रक्षित शुल्क से कम पर अर्थात विगत तीन वर्षो का बन्दोबस्त की राशि की औसत राशि पर 10 प्रतिशत जोड़कर बन्दोबस्ती की गयी, जिसका अनुमोदन आयुक्त उत्पाद के सचिव, बिहार, पटना के पत्रांक–1539 दिनांक 20.04.2002 द्वारा प्राप्त हो चुका है।

मधुबनी जिले में देशी शराब की 42 (बियालीस), विदेशी शराब की 30 (तीस) एवं मसालेदार (देशी शराब) की 17 (सतरह) दुकाने अवस्थित है। जिसकी विस्तृत विवरणी निम्नवत हैः–

### देशी शराब दुकानों के अनुज्ञाधारी का नाम एवं पता

| क्रमांक | अनुज्ञाधारी का नाम एवं पता | दुकान का नाम | अनुमंडल का नाम | प्रखंड का नाम | रक्षित शुल्क की राशि | बन्दोबस्त शुल्क की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्री राजीव कुमार सिंह, पे0–उपेन्द्र ना0 सिंह, सा0–मटिहानी, थाना–मटिहानी, जिला–बेगूसराय | रहिका | सदर, मधुबनी | रहिका | 15,307 | 15,307 |
| 2. | श्री विन्देश्वर प्रसाद, पे0–स्व0 हरि प्रसाद सा0–पुरानी चट्टी वार्ड नं0–5, थाना+जिला–मधुबनी, बशौली | बशौली | सदर, मधुबनी | रहिका | 13,310 | 13,310 |
| 3. | श्री शिवशंकर साह, पं0–दुखी साह, सा0 सुरतगंज वार्ड नं0–12, जिला–मधुबनी | रामपट्टी | सदर, मधुबनी | राजनगर | 29,700 | 29,700 |
| 4. | श्री राजकुमार जयसवाल, पे0–विश्वनाथ चौधरी, पुरानीचट्टी वार्ड नं0–5 थाना+जिला–मधुबनी | सतघारा | सदर, मधुबनी | राजनगर | 46,200 | 46,200 |

का अवधि विस्तार एक माह यानी अप्रील, 2002 तक पत्रांक 1205 दिनांक 31.03.2002 द्वारा तथा पुनः एक माह अर्थात मई, 2002 तक के लिए पत्रांक–1634 दिनांक 29.04.2002 के आलोक में एवं पत्रांक 1966 दिनांक 31.05.2002 द्वारा दो माह यथा माह जून, 2002 एवं जुलाई, 2002 तक के लिए किया गया।

## (19) बन्दोबस्ती :–

अधीक्षक उत्पाद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2001–2002 में यथा वित्तीय वर्ष 2002–2003 में सभी प्रकार की देशी, विदेशी एवं मसालेदार देशी शराब की दुकानों की शत–प्रतिशत बन्दोबस्ती हुई है। छः विदेशी शराब दुकानों यथा (1) मधुबनी वार्ड नं0–4 (2), मधुबनी वार्ड नं0–6 (3), मधुबनी वार्ड नं0–15 (4), सकरी (5) पंडौल (6) रामपट्टी को वित्तीय वर्ष 2002–2003 के लिए रक्षित शुल्क से कम पर अर्थात विगत तीन वर्षो का बन्दोबस्त की राशि की औसत राशि पर 10 प्रतिशत जोड़कर बन्दोबस्ती की गयी, जिसका अनुमोदन आयुक्त उत्पाद के सचिव, बिहार, पटना के पत्रांक–1539 दिनांक 20.04.2002 द्वारा प्राप्त हो चुका है।

मधुबनी जिले में देशी शराब की 42 (बियालीस), विदेशी शराब की 30 (तीस) एवं मसालेदार (देशी शराब) की 17 (सतरह) दुकाने अवस्थित है। जिसकी विस्तृत विवरणी निम्नवत हैः–

### देशी शराब दुकानों के अनुज्ञाधारी का नाम एवं पता

| क्रमांक | अनुज्ञाधारी का नाम एवं पता | दुकान का नाम | अनुमंडल का नाम | प्रखंड का नाम | रक्षित शुल्क की राशि | बन्दोबस्त शुल्क की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्री राजीव कुमार सिंह, पे0–उपेन्द्र ना0 सिंह, सा0–मटिहानी, थाना–मटिहानी, जिला–बेगूसराय | रहिका | सदर, मधुबनी | रहिका | 15,307 | 15,307 |
| 2. | श्री विन्देश्वर प्रसाद, पे0–स्व0 हरि प्रसाद सा0–पुरानी चट्टी वार्ड नं0–5, थाना+जिला–मधुबनी, बशौली | बशौली | सदर, मधुबनी | रहिका | 13,310 | 13,310 |
| 3. | श्री शिवशंकर साह, पं0–दुखी साह, सा0 सुरतगंज वार्ड नं0–12, जिला–मधुबनी | रामपट्टी | सदर, मधुबनी | राजनगर | 29,700 | 29,700 |
| 4. | श्री राजकुमार जयसवाल, पे0–विश्वनाथ चौधरी, पुरानीचट्टी वार्ड नं0–5 थाना+जिला–मधुबनी | सतघारा | सदर, मधुबनी | राजनगर | 46,200 | 46,200 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16. | श्री प्रमोद कुमार पे0—स्व0 मिसरी लाल प्रसाद सा0 मनीगाछी, दरभंगा | हरलाखी | बेनीपट्टी | हरलाखी | 5,500 | 5,500 |
| 17. | श्री प्रमोद कुमार पे0—स्व0 मिसरी लाल प्रसाद सा0 मनीगाछी, दरभंगा | साहर | बेनीपट्टी | मधवापुर | 11,550 | 11,550 |
| 18. | श्री काशीनाथ प्रसाद पे0—स्व0 जगन्नाथ प्रसाद सा0—थाना—कुर्शा, जिला जहानाबाद | बेनीपट्टी | बेनीपट्टी | बेनीपट्टी | 29,150 | 29,245 |
| 19. | श्री काशीनाथ प्रसाद पे0—स्व0 जगन्नाथ प्रसाद सा0—थाना—कुर्शा, जिला जहानाबाद | अरेड़ हाट | वेनीपट्टी | वेनीपट्टी | 13,981 | 14,100 |
| 20. | बिन्देश्वर प्रसाद, स्व0 हरि प्रसाद सा0—पुरानी चट्टी वार्ड नं0—5, थाना—जिला—मधुबनी | धजवा | बेनीपट्टी | विस्फी | 11,110 | 11,110 |
| 21. | श्री कर्पूरी चौधरी पे0 कार्तिक चौधरी सा0—थाना—मटिहानी, जिला—बेगूसराय | लोहा | बेनीपट्टी | बेनीपट्टी | 32,610 | 31,610 |
| 22. | श्री काशी नाथ प्रसाद स्व0 जगन्नाथ प्रसाद थाना—कुर्था, जिला—जहानाबाद | बसैठा | बेनीपट्टी | बेनीपट्टी | 12,760 | 13,050 |
| 23. | श्री राजकुमार प्रसाद पे0—रामचन्द्र प्रसाद सा0 सप्ता, थाना—जिला मधुबनी | सिमरी | बेनीपट्टी | बेनीपट्टी | 6,820 | 6,820 |
| 24. | श्री काशी नाथ प्रसाद पे0—जगन्नाथ प्रसाद सा0 थाना—कुर्शा, जिला—जहानाबाद | खिरहर | बेनीपट्टी | बेनीपट्टी | 30,855 | 30,855 |
| 25. | श्री कर्पुरी चौधरी, पे0—श्री कार्तिक चौधरी, सा0 मटिहानी, जिला—बेगूसराय | जयनगर | जयनगर | जयनगर | 55,000 | 55,000 |
| 26. | श्री कर्पुरी चौधरी, पे0—श्री कार्तिक चौधरी, सा0 मटिहानी, जिला—बेगूसराय | लदनियाँ | जयनगर | लदनियाँ | 3,491 | 3,491 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
